Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार **सच का साथी** दिनांक 11-05-2022 अंक 222

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

आपका साथ और हमारा प्रयास मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास

बरही पश्चिमी भाग 4 से **जिला परिषद पद**
के लिए कर्मठ,जुझारू,शिक्षित, युवा, समाजसेवी
महिला उम्मीदवार

## श्रीमती कुंती देवी



का चुनाव चिन्ह **टेम्पो** छाप क्रम सं. 2

### मत – पत्र का नमूना

| क्रम सं. | प्रत्याशी का नाम | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | श्रीमती कुंती देवी | |
| 3. | | |
| 4. | | |

पर मुहर लगा कर भारी मतों से विजयी बनाएं

निवेदक – तापेश्वर प्रसाद सामाजिक कार्यकर्ता

आपका साथ और हमारा प्रयास मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास

बरही पश्चिमी से **पंचायत समिति पद**
के लिए कर्मठ,जुझारू,समाजसेवी, प्रखर वक्ता,शिक्षित,
युवा उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी



का चुनाव चिन्ह **बेबी वॉकर** छाप क्रम सं. 2

### मत – पत्र का नमूना

| क्रम सं. | प्रत्याशी का नाम | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | कपिल प्रसाद केशरी | |
| 3. | | |
| 4. | | |

पर मुहर लगा कर भारी मतों से विजयी बनाएं

निवेदक – बरही पश्चिमी मतदातागण

## जिला परिषद पूर्वी भाग 06 के प्रत्याशी मुनेजा खातून के द्वारा उनके कार्यकाल में धरातल पर उतारे गए विकास कार्य एवं अनुशंसित विकास योजनाओं की सूचि एवं भावी कार्ययोजना की संकल्प पत्रः-

झारखण्ड पंचायत चुनाव

युवा शिक्षित, योग्य, कर्मठ, दूरदर्शी
जिला परिषद उम्मीदवार भाग 6

बरही पूर्वी भाग संख्या 06 के
जिला परिषद प्रत्याशी
मुनेजा खातुन को
क्रमांक संख्या 5
बेंच छाप

पर मुहर लगाकर
भारी मतों से विजयी बनायें।

एक बार पुनः सेवा का मौका दें...



**मुनेजा खातून**
बरही पूर्वी जिला परिषद प्रत्याशी

निवेदक – मो क्यूम अंसारी

**जिला परिषद सदस्य मुनेजा खातून के कार्यकाल में जिला परिषद फण्ड से एवम जीप सदस्य के द्वारा अनुसंशित विकास कार्यो की सूचिः**

1 बरही पूर्वी भाग के डपोक, मलकोको, रानीचुवाँ, करियातपुर, धनवार, बरसोत एवं विजैया में पंचायत भवन का निर्माण
2. बरही पूर्वी भाग में जिला परिषद के फण्ड से प्रत्येक ग्राम मे आंगनवाड़ी भवन का निर्माण
3. करीयातपूर से धनवार तक कालीकरण रोड का निर्माण
4. मलकोको गांव में कालीकरण सड़क निर्माण
5. बरियठ्ठा गांव में कालीकरण सडक निर्माण एवं ओरपरता से डपोक तक कालीकरण रोड का निर्माण
6. चलंगा रोड का मरम्मतीकरण
7. हरिजन स्कूल से तिलैया डैम तक सड़क मरम्मती करण
8. विजैया मे पावर सब स्टेशन का निर्माण
9. विजैया में पीसीसी रोड का निर्माण
10. गुडियों उपस्वास्थ्य केंद्र भवन की रिपेयरिंग
11. करियतापूर +2 हाईस्कूल एवं विजैया +2 हाईस्कूल का उत्क्रमण
12. करीयतापूर में नाली निर्माण
13. मोरमगढा से रानीचुवां तक कालीकरण सडक निर्माण
14. बरसोत से जीतुपर तक कालीकरण सडक निर्माण

**जीप सदस्या मुनेजा खातून के अनुशंसा से स्वीकृत हुए योजनाओं की सूचि**

1. करियातपुर में मल्टीपरपस भवन, मैरिज हॉल का निर्माण की स्वीकृति
2. हरिजन स्कूल से तिलैया डैम तक सडक चौडीकरण कार्य की स्वीकृति
3. विजैया से ओरपरता तक सडक निर्माण की स्वीकृति
4. बेहरवाटांड से गरजामू के बीच पुलिया निर्माण की स्वीकृति
5. पिपराटांड से डपोक तक सडक निर्माण की स्वीकृति

**भावी कार्ययोजना ( संकल्प पत्र)**

1. विजैया को प्रखंड के दर्जा दिलाना,
2. विजैया में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ओपी की स्थापना कराना
3. नल जल योजना से सभी पंचायत को जोड़ना और जल मीनार का निर्माण कर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था कराना।
4. सोलर संचालित योजना को मूर्त रूप देकर किसानों के खेत तक सिंचाई की व्यवस्था करना।
5. प्रत्येक पंचायत में एक खेल मैदान का निर्माण हेतू प्रयास करना।
6. महिला सशक्तिकरण को बढावा देकर उनहे स्व रोजगार से जोडना। जो स्वरोजगार से जुडे है उनहे और आगे प्रोत्साहित करना।
7. बराकर नदी के किनारे बसे गांवों को लिफ्ट इरिगेशन से जोडकर सिंचाई की व्यवस्था करना।



निवेदक
मो क्यूम अंसारी
समाजसेवी
बरही पूर्वी भाग संख्या 06

हमारा काम बोलगा, जनता के बीच हमारी पहचान बोलेगा



जन संपर्क करते जीप प्रत्याशी कुंती देवी

# बरही पश्चिमी क्षेत्र के जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने हरला और हसनदाग में चलाया डोर टू डोर जन संपर्क अभियान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पश्चिमी क्षेत्र भाग 4 के जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने अपने क्षेत्र के हरला और हसनदाग सहित आस पास के विभिन्न गांवो का दौरा किया। जहां ग्रामीणों ने इनका जोरदार स्वागत किया। वहीं जीप प्रत्याशी कुंती देवी ने ग्रामीणों की समस्या को जाना और उनकी समस्या को निदान करने का आश्वासन दिया और ग्रामीणों से अपील किया की बैलेट पेपर के क्रम संख्या दो अ०टो रिक्शा छाप पर मतदान कर मुझे विजयी बनाए जिससे मैं अपने क्षेत्र में विकास की गति को तेज कर सकूं । आप सभी का साथ की जरूरत है, इस बार मतदाताओं ने बदलाव का मन बना लिया है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता तापेश्वर प्रसाद ने कहा की क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त करना और विकास की गति को तेज करना मेरी प्राथमिकता है। वहीं जन संपर्क अभियान में शामिल सभी महिला एवं पुरुषो ने उन्हें मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर समा. जसेवी तापेश्वर प्रसाद, गुलाब कुमार, मंटू सिंह, मनोज कुमार साहू सहित सैकड़ों अन्य महिला और पुरुष मौजूद थे।

APEM LIVE

# डीसी, डीडीसी ने किया बरही व पदमा कलस्टरों का निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



निरीक्षण करती डीसी नैंसी सहाय

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण मतदान के मद्देनजर चुनावी तैयारियों एवं सफल संचालन को लेकर को उपायुक्त नैंसी सहाय व उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने पदमा और बरही प्रखंड में प्रथम चरण मतदान के लिए बनाए गए क्लस्टर का दौरा कर निरीक्षण किया। इस क्रम में उपायुक्त ने प्लस टू हाई स्कूल बरही,प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल बरही, राम नारायण यादव डिग्री क०लेज बरही एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पदमा मध्य विद्यालय सूर्यपुरा में बनाए गए क्लस्टर का निरीक्षण कर स्थलीय एवं भौतिक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने इन क्लस्टरों में मतदाताओं सु. विधा के लिए शौचालयों, पेयजल की उपलब्धता, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप की व्यवस्था तथा भोजन सहित अन्य व्यवस्था का जायजा लिया।उपायुक्त ने क्लस्टर से लेकर मतदान केंद्रों तक शांति पूर्ण मतदान तथा विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीओ बरही पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर , बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, बरही थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह इवान दर्जनों जवान मौजूद थे।

# रसोईया धमना पंचायत के पंसस प्रत्याशी अनुज कुमार ने चलाया जन संपर्क, लोगो का मिल रहा भरपूर समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


जनसम्पर्क करते अनुज कुमार

रसोईया धमना पंचायत के पंसस प्रत्याशी अनुज कुमार ने पंचायत के लसकरी, पुरहरा, छोटकी बरही एवं रसोइया धमना में बुधवार को जन संपर्क अभियान चलाया। वहीं ग्रामीणों से मिलकर उन्होंने उनकी समस्या को जाना और उसका निदान करने का आश्वासन दिया। वहीं पंसस प्रत्याशी अनुज कुमार ने ग्रामीणों को संबो. धित करते हुए कहा की लसकरी आज भी मूल भूत सुविधाओ से वंचित है। पिछ्ले पांच सालो में सिर्फ विकास के नाम पर लुट हुआ है साथ ही साथ उन्होंने कहा की जनता अब जाग चुकी है और अब किसी के बहकावे में नहीं आने वाली है। वहीं उन्होंने रसोइया धमना पंचायत के वासियों से अपील किया की वॉलेट पेपर के क्रम संख्या 01 आलमारी छाप पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनाए। हालांकि मौके पर मौजूद लोगो ने भी उन्हें समर्थन देने का आश्वासन दिया है। मौके पर शिव कुमार राम, जानकी रजक, राजू रजक, रामस्वरूप रजक, फारूक अंसारी, नरेश कुमार, तुलसी प्रजापति, रामसागर कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बीडीओ एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के बीच बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखण्ड परिसर स्थित सभागार कक्ष में बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ ने सेक्टर मजिस्ट्रेट को कई दिशा निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि संत कोलंबस से पोलिंग मैटेरियल वितरण किया जाएगा। जिसके निगराणी में उसे सुरक्षित तरीके से क्लस्टर तक ले जाना है। 14 मई को अहले सुबह मतदान केंद्र तक ले जाएंगे और ससमय मतदान प्रारम्भ हो जाये। मतदान के बाद सील करने के बाद सुरक्षित बाजार समिति में जमा करेंगे। बैठक में जेपीएस सांवना मांझी, डॉ अमित कुमार सिंह, विनोद कुमार रवि, जवाहर सिंह, मुकेश कुमार दास, मनोज कुमार, सुरेश, रंजीत प्रसाद, भीम चौधरी, रवि कुमार सिंह, राजन कुमार, मोहम्मद फजरुद्दीन, राम लखन कुमार, सुरेंद्र तिवारी, राजीव रंजन कुमार, अंकित कुमार, प्रशांत देव, विवेकानंद आदि उपस्थित रहें।

## पोस्ट ऑफिस से नया वोटर आईडी कार्ड निर्वतमान मुखिया को देने पर अन्य प्रत्यासी ने किया हंगामा, लगाया गंभीर आरोप

### निर्वाची पदाधिकारी को दी गई सूचना, कार्रवाई की मांग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही धनबाद रोड में स्थित पोस्ट ऑफिस के कर्मियों के द्वारा नया वोटर आईडी कार्ड कोनरा पंचायत के निर्वतमान मुखिया ताजुद्दीन को दे दिया। गया। मुखिया ताज उद्दीन उस कार्ड को यह कहकर वितरन करने लगे कि उनका वोटर कार्ड उन्होंने ही बनवा दिया। जबकि बीएलओ के माध्यम से वोटर कार्ड भी बनता है और वितरण भी डाकिया के माध्यम से अथवा बीएलओ के माध्यम से होना था। लेकिन जैसे ही पता चला की पोस्ट ऑफिस के मिलीभगत से एक प्रत्याशी को वोटर आईडी कार्ड दे दिया गया। वैसे ही अन्य प्रत्याशी पोस्ट ऑफिस पहुंचे और जानकारी ली। मौके पर पहुंचे मुखिया प्रत्याशी सैरा खातून के निर्वाचन अभिकर्ता नबाब अली ने पोस्टमास्टर से पहुंचे और पूछा कि आपने कैसे मुखिया प्रत्याशी को कार्ड बा. टने दे दिया। पोस्ट मास्टर ने अपना बयान देते हुए कहा की इस बात की मुझे कोई जानकारी नहीं है। काफी हो हंगामा करने के बाद कुछ कार्ड को वापस मंगाया गया। तब मामला शांत हुआ। वहीं दूरभाष के माध्यम से नवाब अली ने इस बात की जानकारी निर्वाची पदाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो को दी। उन्होंने इस घटना की जांच करने का आश्वासन दिया है।















## मुखिया प्रत्याशी आभा सिन्हा ने किया जनसम्पर्क, मांगा समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


जन संपर्क करती आभा सिन्हा

बरही पूर्वी पंचायत के मुखिया प्रत्याशी आभा सिन्हा लगातार जन सम्पर्क कर मतदाताओं से मतदान करने की अपील कर रही है। बुधवार को हजारीबाग रोड, धोबिटोला, एवं धनबाद रोड में आभा सिन्हा ने जनसम्पर्क करते हुए कहा कि पिछले पांच सालों में बरही पूर्वी पंचायत का विकास नही हुआ। सरकारी राशि का केवल बंदरबांट हुआ। स्वच्छता एवं सफाई के नाम पर खाना पूर्ति हुई। लाखो रुपये की राशि खर्च कर भी बरही पूर्वी का विकास नही हुआ। आज भी नाली एवं जल निकसी की समस्या है। उन्होंने बरही पूर्वी की जनता से अपील किया कि एक बार मौका दें, बरही पूर्वी पंचायत का विकास दिखेगा। शिक्षा स्वास्थ्य एवं नशामुक्त समाज का निर्माण हमारी प्राथमिकता रहेगी। सभी समाज के बीच आपसी भाईचारगी का माहौल बनाने का काम करूँगी। जन संपर्क के दौरान काफी संख्या में महिलाएं शामिल थीं।

## जीप प्रत्याशी मंजू देवी के समर्थन में देवनंदन यादव ने किया जन सम्पर्क, गिनाई उपलब्धियां

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


मंजू देवी

जिला परिषद बरही पश्चिमी भाग संख्या 4 के प्रत्याशी निवर्तमान बरही प्रखंड प्रमुख मंजू देवी के समर्थन में समाजसेवी देवनंदन यादव ने तूफानी दौरा करते हुए मंजू देवी के लिए वोट की अपील की ।। उन्होंने जनसंपर्क के दौरान कोनरा , बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी एवं रसोईया धमना पंचायत के लगभग एक दर्जन गांवों का दौरा कर जिला परिषद सदस्य उम्मीदवार मंजू देवी को समर्थन करने की अपील करते हुए कहा की प्रखंड प्रमुख के तौर पर बरही की जनता ने जो सेवा करने का मौका दिया । उसी के कारण मंजू देवी जिला परिषद सदस्य पद के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में आई हैं। यदि बरही पश्चिमी भाग की जनता उन्हें अपना जिला परिषद सदस्य बनाती है , तो निश्चित तौर पर बरही पश्चिमी भाग का सर्वांगीण विकास होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्व रोजगार उनकी प्राथमिकता रहेगी।












सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर
















सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



















दिनांक: 11-05-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 08















## यज्ञ समापन समारोह के पश्चात मूर्ति विसर्जन जुलूस निकाला गया

**अपेम लाइव : गीरिडीह**

**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला के बेंगाबाद प्रखंड स्थित मोतीलेदा पंचायत के कोल्हासिंघा में एक मई से चल रही श्री श्री एक हजार आठ हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री राम चरित मानस महायज्ञ का कल नौ मई को महाभंडारे के साथ समापन हुआ और आज सैंकड़ों धर्मप्रेमियों और श्रृद्धालुओ ने मूर्ति विसर्जन निकालकर जलाशय में मूर्ति प्रवाहित किया यज्ञ समिति के अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद वर्मा सचिव नरेश कुमार वर्मा और कोषाध्यक्ष जितेन्द्र प्रशाद वर्मा ने अपेम लाइव न्यूज के माध्यम से शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण माहौल में मूर्ति विसर्जन कराने में सहयोग करने के लिए धर्मप्रेमियों को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने अपेम लाइव न्यूज को यज्ञ कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचाने के लिए विशेष आभार प्रकट किया। यज्ञ का शांतिपूर्ण और सौ. हार्दपूर्ण माहौल में उपाधयक्ष द्वारिका प्रसाद वर्मा एवं सूरज प्रसाद वर्मा, रवि कुमार वर्मा, बीरेंद्र कुमार, परमेश्वर महतो, रामेश्वर महतो, राजेश वर्मा, संजय कुमार, मुकेश कुमार, अरविंद वर्मा, गंगू महतो, पूरन कुमार, रवि कुमार, सुनील वर्मा, सुरेश महतो, केदार महतो, सुरेंद्र वर्मा, बबलू महतो दुलार वर्मा, सहदेव महतो छोटी महतो , मुरली महतो और अनिल कुमार का विशेष योगदान रहा। यज्ञ के मुख्य पुजारी तुलसी महतो ने सपत्नीक यज्ञ स्थल पर लगातार नौ दिनो तक पूजन अर्चन किया।

## विष्णुगढ़ में निर्विरोध हुए 127 वार्ड प्रत्याशियों को मिला प्रमाण पत्र

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में निर्विरोध हुए वार्ड सदस्यों को प्रमाण पत्र सौंपते निर्वाची पदाधिकारी

विष्णुगढ़ प्रखंड में तृतीय चरण के होने वाले मतदान के पूर्व बुधवार को निर्विरोध हुए 127 वार्ड प्रत्याशियों को निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ संजय कुमार कोंगारी ने निर्वाचन प्रमाण पत्र देकर वार्ड सदस्य घोषित किया। निर्वाची पदा. धिकारी ने सर्वप्रथम खरना पंचायत के वार्ड नंबर 07 चलकरी कला से निर्विरोध हुए पार्वती बेसरा को प्रमाण दिया। इसके उपरांत शेष अन्य निर्विरोध वार्ड उम्मीदवारों को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। बता दें कि विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत 24 पंचायतों में कुल 312 वार्ड हैं। प्रत्येक में मतदान के जरिए एक-एक वार्ड सदस्य का चयन होना है। जिसमें वार्ड सदस्य पद के लिए कुल 632 नामांकन हुए थे। स्कूटनी के दौरान 19 प्रपत्र अस्वीकृत कर दिए गए। इसके अलावा 17 अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। वार्ड क्षेत्र की तीन ऐसी भी सीटें रही जो रिक्त रह गई। इन सीटों पर किसी अभ्यर्थी ने नामांकन नहीं कराया। नामांकन कराए अभ्यर्थियों में 127 वार्ड सदस्य नि. र्विरोध पाए गए। अब बाकी बचे 182 सीटें में 469 उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा।

## बक्चुम्बा पंचायत से मुखिया उम्मीदवार पार्वती देवी के पक्ष में चल रहा है जीत की बयार

### पंचायत वासियों का मिल रहा है अपार समर्थन,निश्चित होगी जीत :- पार्वती

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद कुमार सिंह,**



गांव की सरकार बनाने को लेकर प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही सभी उम्मीदवार अपना अपना प्रचार प्रसार में सारा ताकत झोंक दिए हैं।कान्हाचट्टी प्रखण्ड के बक. चुम्बा पंचायत में मुखिया उम्मीदवार पार्वती देवी के पक्ष में पंचायत के दर्जनों ग्रामीणों ने प्रचार अभियान चलाया।प्रचार अभियान का नेतृत्व पंचायत के समाजसेवी एवं फुटब०ल खिलाड़ी बद्री दाँगी कर रहे थे।जिसमें बाराबागी,बक. चुम्बा,कोशमाडीह,जोरि, सहित अन्य गांव में जाकर लोगो से पार्वती देवी के गुब्बारा छाप पर मतदान करने की अपील किया।दाँगी ने कहा कि पार्वती देवी का मतदान पत्र के दो नम्बर पर लोगो से वोट की अपील की।वहीं मुखिया उम्मीदवार पार्वती देवी ने कही की मेरे पक्ष में जीत की बयार बह चुकी है।

APEM LIVE

## तुलबुल से मुखिया उम्मीदवार पुष्पा देवी ने की पंचायत का तूफानी दौरा

### पंचायत वासियो से की अपील,बेल्ट छाप के चार नम्बर पर वोट देने का किया आग्रह

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**

**प्रमोद कुमार सिंह,**



प्रखण्ड के तुलबुल पंचायत जहां मुखिया के लिए प्रखण्ड में सबसे ज्यादा चर्चाएँ बनी हुई है में बुधवार को मुखिया की उम्मीदवार पुष्पा देवी ने पंचायत के आधा दर्जन गांव का तूफानी दौरा कर लोगो को अपने पक्ष में वोट देने की अपील की।पुष्पा देवी ने पंचायत वासियों से कही की मुझे एक मौका दें तो पंचायत में शिक्षा की बेहतर सुविधा,सभी कच्ची सड़क को पक्की करन, नाली निर्माण के साथ साथ बृद्धा और विधवा पेंशन करवाऊंगा।वहीँ आवास योजना में अब हुई लूट का जांच करवाऊंगा तथा आवास योजना में कमीशन खोरी पर रोक लग. वाऊंगा।मौके पर शंकर सिंह,पवन सिंह,संजय सिंह, रामविलाश यादव,धनेश्वर भुइयाँ, पिंटू भुइयाँ के साथ दर्जनो समर्थक मौजूद थे।

## नए थाना प्रभारी को लोगों ने किया स्वागत

**अपेम लाइव : बड़कागांव**

**अमित मालाकार**



बड़कागांव थाना के नए थाना प्रभारी विनोद तिर्की का पदभार ग्रहण करने के साथ लोग बधाई दे रहे हैं। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कजरू साव, जिला इंटक सचिव राजेश कुमार गुप्ता एवं सोनू कि इराकी ने तथा बीजेपी अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मो नौशाद आलम ने थाना प्रभारी विनोद तिर्की को बुके एवं श०ल देकर अभिनंदन किया। लोगों ने नए थाना प्रभारी को शुभकामनाएं देते हुए बड़कागांव थाना में बेहतर करने की उम्मीद जताई। मौके पर इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह, एसआई चनेश्वर किस्कू , एएसआई रुस्तम अली के अलावा अन्य उपस्थित थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रखंड में 6 मुखिया प्रत्याशी, 11 वार्ड सदस्य प्रत्याशी ने नाम वापस लिया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

प्रखंड में पंचायत चुनाव को लेकर नाम वापसी लेने की अंतिम तिथि 11 मई बुधवार को संपन्न हो गया। निर्वाचि पदाधिकारी प्रभात भूषण सिंह के समक्ष प्रखंड से कुल 6 मुखिया प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया है ।नाम वापस लेने के पश्चात अब कुल 160 मुखिया प्रत्याशी मैदान में शेष रह गए हैं। वही निर्वाचि पदाधिकारी वीडियो जितेंद्र कुमार पांडे के समक्ष कुल 11 वार्ड सदस्य प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया है । नाम वापस लेने के बाद कुल 529 प्रत्याशी मैदान में शेष रह गए हैं। आज गुरुवार को 12 मई को प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। मुखिया प्रत्याशियों में नाम वापस लेने वालों में बड़कागांव पश्चिमी पंचायत से युगेश्वर प्रसाद दांगी, बड़कागांव मध्य पंचायत से मोहम्मद फिरोज, सीकरी पंचायत से आशा देवी, सिरमा पंचायत से रहीला खातून, कांडतरी पंचायत से योगेंद्र महतो, तलसवार पंचायत से सालों देवी, का नाम मुखिया प्रत्याशी के रूप में नाम वापस लेने वालों में शामिल हैं।

## विनोद कुमार तिर्की ने बड़कागांव थाना का पदभार प्रभार ग्रहण किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव थाना प्रभारी गौतम कुमार का सोमवार देर रात तबादला कर दिया गया। मंगलवार सुबह विनोद कुमार तिर्की ने बड़कागांव थाना के नए थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। बता दे कि इससे पूर्व दारू, हजारीबाग, कोरा एवं चौपारण में अपना सेवा दे चुके हैं।

थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की ने कहा कि बड़कागांव थाना अंतर्गत क्राइम से संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान रहेगा। ग्रामीणों से सहयोग की अपेक्षा है किसी भी कांड से संबंधित मामले की त्वरित कार्रवाई होगी।

APEM LIVE

## चंदौल मुखिया प्रत्याशी बबीता कुमारी ने किया जनसंपर्क

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



चंदौल पंचायत मुखिया प्रत्याशी बबीता कुमारी ने अपने पंचायत क्षेत्र में दौरा कर मतदाताओं से मिलकर पक्ष में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद मैं सरकार आपके द्वार के तर्ज मुखिया आपके द्वार का कार्यक्र आयोजन कर क्षेत्र का संपूर्ण विकास करूंगी। पंचायत में सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करूंगी, मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से पति विनोद यादव, मो. हम्मद नौशाद ,मोहम्मद कलाम, विक्की सिंह, विकास पांडे, रवि पा. सवान, महेंद्र यादव, दिलेश्वर पासवान के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE

## बिजली विभाग ने चालाया अवैध बिजली जलाने वालो के खिलाफ अभियान

### अभियान चला कर बिजली चोरी के आरोप में राजपुर थाने में सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**

राजपुर थाना में बिजली चोरी के आरोप में बिजली विभाग ने सात लोगो के खिलाफ अवैध रूप से बिजली जलाने को लेकर मुकदमा दर्ज करते हुए बड़े पैमाने पर जुर्माना भी लगाया है ।बिजली विभाग के कनीय अभियंता अशोक कुमार ने बुधवार को राजपुर थाने में आवेदन देकर मुकदमा दर्ज करवाया है ।श्री कुमार ने कहा है कि जो भी लोग बिना कनेक्शन लिए बिजली का उपयोग कर रहे हैं वो सावधान हो जाएं ।उन्होंने कहा कि बिना



बिजली चोरी का फोटो

कनेक्शन वाले पर जुर्माना के साथ साथ मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा ।बुधवार को जिन लोगो पर मुक. दमा दर्ज किया गया है उनमें जमरी बक्सपुरा पंचायत के संजय साव पिता कुलदीप साव पर 14340 रुपया,मोहन भुइयां पिता जगन भुइयाँ पर 14340, ,कैलाश यादव पिता अशोक यादव पर 14340,अरुण कुमार पिता सुरेश दाँगी पर 14340 सभी हउवाग एवं सरयु ठाकुर पिता भीखन ठाकुर पर 5000 रुपया,ब्रह्मदेव सिंह पिता स्व.प्रयाग सिंह पर 5000 रुपये एवं रामोतार राम पर 5000 रुपये जुर्माना और मुकदमा दर्ज किया गया है ।ये तीनो जमरी गांव के निवासी हैं ।इधर थाना प्रभारी विकास पा. सवान ने ऊक्त सभी से अविलम्ब जुर्माना जमा करते हुए न्यायालय से बेल करवाने को कहा है ।जो बेल नहीं करवाएंगे उन्हें पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।













